सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन नैनीताल 05 जून, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नैनीताल स्थित अलौकिक शक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के परम केंद्र श्री कैंची धाम पहुँचकर बाबा नीम करौरी महाराज के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख—समृद्धि एवं शांति की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बाबा नीम करौरी महाराज की तपोभूमि में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का भाव जागृत होता है। यह पावन धाम न केवल साधना का केंद्र है बल्कि जन—जन के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

..........0..........